आईसीएआर सीफेट लुधियाना ने उत्तर प्रदेश स्थित फर्म को मूंगफली आधारित फ्लेवर्ड बेवरेज, दही और पनीर का लाइसेंस दिया

आजकल गैर डेयरी खाद्य पदार्थ अपने गुणों की वजह से लोकप्रिय हो रहे हैं और आईसीएआर-सीफेट स्वास्थ्य खाद्य उत्पादों को विकसित और बढ़ावा देकर देश की खाद्य जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध और लगातार काम कर रहा है। मूंगफली आधारित उत्पाद कई अन्य आवश्यक गुणों से भरपूर होते हैं जो कि डाइटिंग वाले आहार पर रहने वाले लोग, अपने समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने वाले लोगों के साथ-साथ दुनिया भर के शाकाहारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बनाते हैं। श्री आर.आर. मथुरिया, मेसर्स एमकेडी ऑर्गेनिक फार्म प्रोडक्ट्स, उत्तर प्रदेश ने मूंगफली प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी के लिए आईसीएआर-सीफेट से संपर्क किया। डॉ. संदीप दवांगे और डॉ. के. बेमबेम ने 17-18 फरवरी 2025 तक उद्यमी को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। डॉ. आर.के. विश्वकर्मा प्रभारी निदेशक, आईसीएआर-सीफेट ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर समझौते और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया और आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि इस उद्यम की स्थापना के लिए हर संभव मदद की जाएगी।